# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-अप्रैल, 2016 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## सोमवार, दिनांक 14 मार्च, 2016 (फाल्गुन 24, 1937)

## समय 11.00 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) डॉ. गौरीशंकर शेजवार, वन मंत्री, कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड का 40 वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2014-2015 पटल पर रखेंगे.

(2) श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार मंत्री, मध्यप्रदेश सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 (क्रमांक 44 सन् 1973) की धारा 43 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-1-102-2011-अ-ग्यारह, दिनांक 4 जून, 2015 पटल पर रखेंगी.

(3) श्री राजेन्द्र शुक्ल, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड का 33 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2014-2015 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री संदीप जायसवाल, सदस्य, कटनी नगर निगम सीमा अंतर्गत कालोनियों के नियमितीकरण में विसंगति होने की ओर नगरीय विकास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री रजनीश सिंह, हितेन्द्र सिंह सोलंकी, रामनिवास रावत, सदस्य, प्रदेश के अनेक जिलों में ओला एवं अतिवृष्टि से फसलें नष्ट होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 110-परसवाड़ा से निर्वाचित सदस्य, श्री मधु भगत को विधान सभा के फरवरी-अप्रैल, 2016 सत्र की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

### 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री सुन्दरलाल तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम इटार वार्ड नं. 2 कहारन टोला में श्री दालादीन वर्मा के घर के पास एक हैण्डपम्प खनन किये जाने,
(2) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, श्योपुर जिले के
 (क)ग्राम अर्रीद के शा.मा. विद्यालय को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने, तथा
 (ख) ग्राम आवदा से सरजूपुरा तक रोड बनाये जाने,
(3) श्री संजय शर्मा, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के नगर पंचायत तेन्दुखेड़ा के विस्तार डिपो में जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराये जाने,
(4) श्री अशोक रोहाणी, सदस्य, जबलपुर जिले के
 (क) ग्राम महगंवा में हाई स्कूल खोले जाने, तथा
 (ख) केन्द्रीय कर्मचारियों को केन्टीन से सामग्री क्रय करने पर लगने वाले वैट टैक्स को कम कराये जाने,
(5) श्री कुँवर जी कोठार, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम घनौरा रेल्वे ब्रिज के नीचे काजबे एवं नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,
(6) श्री वीर सिंह पंवार , सदस्य, विदिशा जिले के ग्राम शहरवासा में पशु औषधालय खोले जाने,
(7) श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य, नीमच जिले के भड़कसनावदा सेतु के अधूरे पुल को पूर्ण कराये जाने,
(8) श्री शैलेन्द्र पटेल, सदस्य, सीहोर जिले के ग्राम कालापीपल में तालाब पर वेस्टवेयर निर्माण किये जाने,
(9) श्री गोवर्धन उपाध्याय, सदस्य, विदिशा जिले के सिरोंज जलावर्धन योजना के तहत निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने,
(10) श्री आर.डी.प्रजापति, सदस्य, छतरपुर जिले के
 (क) ग्राम सिंहपुर के हनुमन्तपुर के मध्य नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने, तथा
 (ख) छतरपुर जिले के ग्राम पंचायत पहरा से उ.प्र. की सीमा तक रोड बनाये जाने,
(11) श्री जालम सिंह पटेल,सदस्य,नरसिंहपुर जिले के ग्राम सुरगी से बसेड़ी के बीच बारूरेवा नदी पर पुल एवं सड़क निर्माण किये जाने,
(12) श्री मुकेश नायक, सदस्य, पन्ना जिले के ग्राम बसरौड़ के हाई स्कूल में ही परीक्षा केन्द्र बनाये जाने,
(13) श्री मानवेन्द्र सिंह, सदस्य, छतरपुर जिले की ग्राम पंचायतों में सीमेन्ट कांक्रीट रोड एवं सांस्कृतिक भवन स्वीकृत किये जाने,
(14) श्री चम्पालाल देवड़ा,सदस्य,देवास जिले के ग्राम कोटखेड़ी से सोवल्यापुरा मार्ग पर पड़ने वाली पटपड़ी नदी पर ब्रिज स्वीकृत किये जाने,
(15) श्री कालुसिंह ठाकुर,सदस्य,धार जिले के धरमपुरी में शा.उ.मा. विद्यालय माण्डव में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय प्रारम्भ किये जाने,
(16) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के मकरोनिया नगर पालिका के वार्ड क्रं. 12 वृंदावन में पाईप लाइन बिछाए जाने,
(17) श्री सचिन यादव, सदस्य, खरगोन जिले के कसरावद में अंध मूकबधिर, विकलांग बच्चों के लिए शाला खोले जाने,
(18) श्री प्रताप सिंह, सदस्य, दमोह जिले के
 (क) ग्राम जवेरा के महाविद्यालय में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कराये जाने, तथा
 (ख) दमोह जिले के ग्राम मोहड़ में मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने ,

-2-

(19) पं. रमाकान्त तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम कोनियाकला,शुकलान टोला पहुँच मार्ग तथा घाट निर्माण किये जाने,
(20) श्री विजय सिंह सोलंकी, सदस्य, खरगोन जिले के ग्राम धुलकोट मार्ग को पूर्ण डामरीकृत किये जाने,
(21) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, सदस्य, मन्दसौर जिले के ग्राम मजेसरा में ट्यूब वेल में पम्प लगाये जाने,
(22) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के ग्राम जसावली वि.ख. रौन में शा.उ.मा. विद्यालय स्वीकृत किये जाने,
(23) डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य, हरदा जिले के ग्राम जुगरिया से भमोरी के बीच सुकमा नदी पर पुल बनाये जाने,
(24) कुँवर सौरभ सिंह, सदस्य, कटनी जिले के ग्राम पंचायत छपरा डेम (तालाब) का जीर्णोद्वार कराये जाने,
(25) श्री निशंक कुमार जैन, सदस्य, विदिशा जिले के ग्राम घटेरा में मस्जिद के आस-पास की बस्ती में नवीन हैण्ड पम्प खनन किये जाने,
(26) श्रीमती शीला त्यागी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम देवास के हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,
(27) श्रीमती रंजना बघेल, सदस्य, धार जिले के मनावर के विभिन्न मार्गो का प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्माण कराये जाने,
(28) श्री महेश राय , सदस्य, सागर जिले के बीना में बन्द जल प्रदाय योजना अतिशीघ्र चालू कराये जाने,
(29) श्रीमती उमा देवी खटीक, सदस्य, दमोह जिले के हटानगर के पास रेस्ट हाउस के सामने पुल निर्माण किये जाने,
(30) श्री सुशील कुमार तिवारी (इंदू भैया), सदस्य, जबलपुर जिले के
(क)बरेला से ग्राम जमुनिया तक सड़क निर्माण कराये जाने, तथा
(ख) जबलपुर जिले के बरेला के लोक तालाब से बलवार तक सड़क निर्माण कराये जाने,
(31) श्री दिनेश राय ''मुनमुन'', सदस्य, सिवनी जिले के ग्राम खापा खेर टोला, सिहोड़ी आदि ग्रामों में पेयजल समस्या निदान हेतु बोर कराये जाने,
(32) श्री अरूण भीमावद, सदस्य, शाजापुर जिले के
(क) ग्राम छापीहेड़ा से भरड़ तक सड़क निर्माण कराये जाने, तथा
(ख) शाजापुर जिले के ग्राम पंचायत पनवाड़ी शमशान घाट से बगोदा गांव तक सड़क निर्माण किये जाने,
(33) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य, श्योपुर जिले के सोनघटा नदी पर नवीन पुल का निर्माण कराये जाने,
(34) श्री केदारनाथ शुक्ल, सदस्य, सीधी जिले के ग्राम कुचवाही जनपद पंचायत सिहावल में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने,
(35) श्री फुन्देलाल सिंह मार्को,सदस्य, अनूपपुर जिले के ग्राम भीमकुन्डी से भीमकुन्डी खुर्द के बीच नर्मदा नदी में पुलिया निर्माण किये जाने,
(36) श्रीमती ऊषा चौधरी, सदस्य, सतना जिले के ग्राम शिवराजपुर का पटवारी हल्का नं. 3 का नक्शा तैयार कराये जाने,
(37) श्री नीटू सत्यपाल सिंह सिकरवार, सदस्य, मुरैना जिले के ग्राम नहरावली दूधाधारी मंदिर के पास नदी पर रपटा निर्माण कराये जाने,
(38) श्री नीलेश अवस्थी, सदस्य, जबलपुर जिले के ग्राम पोंडी वार्ड क्रं. 6 में हैण्ड पम्प लगाये जाने,
(39) श्री अनिल जैन, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के जमुनिया से झांसी तक सड़क व पुलिया निर्माण किये जाने,
(40) श्रीमती झूमा सोलंकी, सदस्य, खरगोन जिले के अंजनगांव से पीपल्या मार्ग का निर्माण कराये जाने,
(41) श्री देवेन्द्र वर्मा, सदस्य, खण्डवा जिले के श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों के लिए उपचार हेतु चिकित्सालय खोले जाने,
(42) श्री संजय उइके, सदस्य, बालाघाट जिले के वनग्राम बोरखेड़ा से ग्राम दरबारी टोला तक सड़क बनाये जाने,
(43) श्री नारायण सिंह पंवार, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम टोडी से लसूल्डियामीना के मध्य पटपड़ा नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,
(44) श्री पन्नालाल शाक्य, सदस्य, गुना जिले के हनुमान चौराहे से विवेक कॉलोनी, हवाई पट्टी चौराहे तक सड़क का डामरीकरण कराये जाने,
(45) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम झाझनखेड़ा से घुटंगो तक सड़क बनाये जाने,
(46) श्री रामपाल सिंह (ब्यौहारी), सदस्य, शहडोल जिले के ग्राम पथरेही से सरसी तक सड़क निर्माण कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय

## 6. वर्ष 2015-2016 की चतुर्थ अनुपूरक मांगों पर मतदान

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे -

"दिनांक 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या 11, 12, 17, 25, 28, 29, 58, 66 तथा 75 के लिए राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर एक हजार तीन सौ बत्तीस करोड़, छियालीस लाख, पंचानवे हजार, नौ सौ रुपये की अनुपूरक राशि दी जाए."

2 घंटे

## 7. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश विनियोग विधेयक, 2016 (क्रमांक 1 सन् 2016) का पुर:स्थापन* करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाए.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाए.

## 8. वर्ष 2016-2017 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमश:)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 घंटे | (1) | मांग संख्या – 27 | स्कूल शिक्षा (प्रारंभिक शिक्षा) |
| | | मांग संख्या – 40 | स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित अन्य व्यय (प्रारंभिक शिक्षा को छोड़कर) |
| 3 घंटे | (2) | मांग संख्या – 12 | ऊर्जा |
| | | मांग संख्या – 25 | खनिज साधन |
| | | मांग संख्या – 32 | जनसम्पर्क |
| | | मांग संख्या – 76 | नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा |
| 2 घंटे | (3) | मांग संख्या – 14 | पशुपालन |
| | | मांग संख्या – 16 | मछली पालन |
| | | मांग संख्या – 20 | लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी |
| | | मांग संख्या – 29 | विधि और विधायी कार्य |
| | | मांग संख्या – 50 | उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण |
| | | मांग संख्या – 56 | ग्रामोद्योग |

**भगवानदेव ईसरानी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल :**
**दिनांक : 13 मार्च, 2016**

* अनुपूरक मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्.